कार्यालय,
प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा

दूरभाष :05962.230065, फैक्सः 05962.232182 ई–मेल almoraforestdivision@rediffmail.com

पत्रांक 1372/ 12-2(2) अल्मोड़ा दिनांक 19/08/ .2025

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा।

विषयः– **जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के अन्तर्गत रौलाखरक तिनगैर तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.925 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन (प्रस्ताव सं0 19494/2016)**

संदर्भः– **आपका पत्रांक 2642/7सी0 दिनांक 05.08.2025।**

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि विषयक प्रस्ताव में प्रारम्भिक सयुक्त निरीक्षण वर्ष 2015 में किया गया था, जिसमें प्रभावित होने वाले वृक्षों की गणना भी प्रस्ताव के अनुसार दिनांक 04.12.2015 को की गयी है। प्रस्ताव गठित होने के लगभग 10 वर्ष पश्चात प्रभावित वृक्षों की संख्या में वृद्धि होना स्वभाविक है। प्रस्ताव वर्तमान में अग्रेसित किये जाने से पूर्व पुनः स्थलीय निरीक्षण कर वृक्षों की गणना सूची नवीन रूप से तैयार कर प्रस्ताव में संलग्न की जानी आवश्यकीय है।

अतः उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप प्रस्तावित संरेखण के दोनों ओर पीलरबंदी कर फोटोग्राफ इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, तत्पश्चात ही वृक्षों की गणना सूची तैयार किये जाने हेतु संयुक्त निरीक्षण की कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त ही प्रस्ताव में अग्रेत्तर कार्यवाही की जानी संभव हो पायेगी।

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा।

पत्रांक 1372/ 12-2(2) उक्त दिनांकित।

प्रतिलिपि–वन क्षेत्राधिकारी सोमेश्वर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा।